10 रुपये में फॉर्म, लेकिन दुकान कहां और कितने में मिलेगी ? नगर परिषद पर भड़के पार्षद

पोर्टेबल दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पर उठे सवाल, सशक्त स्थायी समिति और बोर्ड को जानकारी नहीं होने का दावा

बक्सर (आससे)। शहर में फुटपाथी दुकानदारों के लिए पोर्टेबल दुकानें बनाने और आवंटित करने की नगर परिषद की पहल अब विवादों में घिर गई है। आवेदन फॉर्म भरने के लिए नगर परिषद कार्यालय में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लेकिन दूसरी तरफ योजना को लेकर पार्षदों ने ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि सशक्त स्थायी समिति और नगर परिषद बोर्ड को इस योजना की जानकारी तक नहीं है। दुकानों की संख्या कितनी होगी, कहां लगेंगी और कितनी कीमत पर आवंटित होंगी, यह भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर किस आधार पर आवेदन लिए जा रहे हैं। शुक्रवार को सशक्त स्थायी समिति के सदस्य और वार्ड नंबर 28 के पार्षद इंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबन सिंह ने नगर परिषद प्रशासन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पोर्टेबल दुकानों के आवंटन का मामला न तो बोर्ड में आया है और न ही सशक्त स्थायी समिति में इस पर कोई चर्चा हुई है। इसके बावजूद कार्यपालक पदाधिकारी ने कार्यालय आदेश जारी कर आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू करा दी है।

बबन सिंह ने कहा कि नगर परिषद की ओर से सर्वे कराया गया था। लेकिन उस सर्वे का ब्लूप्रिंट नगर प्रशासक ने अब तक उपलब्ध नहीं कराया है। पार्षदों को यह भी नहीं बताया गया कि सर्वे में कितने दुकानदार चिह्नित हुए और आगे की योजना क्या है। इसके बावजूद नई प्रक्रिया शुरू कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद के अधिकारी मनमाने तरीके से फैसले ले रहे हैं। इससे जनता के बीच पार्षदों की किरकिरी हो रही है। लोग उनसे दुकानों के बारे में सवाल पूछ रहे हैं, लेकिन उनके पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं है।

बबन सिंह ने कहा कि नगर परिषद बोर्ड में पहले ही सड़क किनारे दुकान लगाने वाले सब्जी, फल और मीट-मुर्गा विक्रेताओं को व्यवस्थित तरीके से बसाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत वेंडिंग जोन और किला मैदान के पीछे दुकानदारों को जगह देने की बात थी। लेकिन नगर प्रशासन अब तक इस योजना को धरातल पर नहीं उतार सका



है। ऐसे में नई योजना शुरू करने की जरूरत और उसकी प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

वार्ड नंबर चार के पार्षद और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य राजू राय उर्फ झब्बू राय ने भी योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सुबह से शाम तक लोग उनसे पूछ रहे हैं कि दुकानें कहां लगेंगी और कितने रुपये में मिलेंगी। लेकिन उन्हें खुद इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि नाले के ऊपर 8म10 फीट की दुकानें लगाई जाती हैं, तो नालों की सफाई में परेशानी होगी। शहर की सड़कें पहले से ही अतिक्रमण और जाम की समस्या झेल रही हैं। ऐसे में दुकानों के लिए जगह तय किए बिना आवंटन की प्रक्रिया शुरू करना यातायात की समस्या को और बढ़ा सकता है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य एवं वार्ड नंबर 25 के पार्षद मनोज कुमार गुप्ता, वार्ड नंबर 11 के पार्षद दिलीप कुमार और वार्ड नंबर 21 की पार्षद अंजू देवी ने भी योजना की जानकारी नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। पार्षदों का कहना है कि शहर में फुटपाथी दुकानदारों की वास्तविक संख्या कितनी है, कितनी दुकानें बनाई जाएंगी और उनके आवंटन की शर्तें क्या होंगी, इसका कोई स्पष्ट ब्योरा सामने नहीं आया है। दुकानों के लिए जगह भी तय नहीं बताई गई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन दुकानों का लाभ वास्तव में फुटपाथी दुकानदारों को मिलेगा या रसूखदार लोग भी इसका फायदा उठा सकेंगे ?

गौरतलब है कि नगर परिषद ने पोर्टेबल दुकानों के निर्माण और आवंटन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत प्रति आवेदन 10 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन की तारीख और समय दर्ज करने, रसीद देने तथा सभी आवेदनों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की जिम्मेदारी कर्मियों को सौंपी गई है। आवंटन के लिए पहले आओ, पहले पाओ का सिद्धांत भी निर्धारित किया गया है। लेकिन अब पार्षदों के विरोध के बाद योजना की पारदर्शिता, आवंटन की शर्तों और दुकानों के लिए जगह की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। एक तरफ दुकानदार आवेदन भरने के लिए जुट रहे हैं, तो दूसरी तरफ जनप्रतिनिधि योजना की बुनियादी जानकारी तक नहीं होने की बात कह रहे हैं।

केशरी जनरल स्टोर में भीषण आग, लाखों की संपत्ति खाक

दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू, टला बड़ा हादसा

बक्सर (आससे)। शहर के यमुना चौक स्थित नमक गोला रोड में गुरुवार की रात भीषण अगलगी हुई। केनरा बैंक के समीप स्थित केशरी जनरल स्टोर आग की चपेट में आ गया। दुकान में रखे लाखों रुपये के सामान जलकर बर्बाद हो गए। दुकानदार बबलू केसरी के मुताबिक, इस अग्निकांड में करीब 40 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह बिजली के पोल से शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

दुकानदार ने बताया कि वह रात 9ः30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। करीब आधे घंटे बाद मोहल्ले के लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की पहली गाड़ी कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई। आग की भयावहता को देखते हुए दो और दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। तीनों गाड़ियों की मदद से अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट



गई थी। सदर अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी सुनंदा कुमारी और प्रधान अग्निक हरेकृष्ण कुमार के नेतृत्व में टीम ने राहत एवं बचाव कार्य चलाया।

अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी ने बताया कि 29 अक्टूबर की रात करीब 10ः15 बजे नमक गोला रोड स्थित केशरी जनरल स्टोर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तीन अग्निशमन वाहनों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग से दुकान में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, विभाग की त्वरित कार्रवाई से काफी सामान बचा लिया गया। आग को आसपास की दुकानों और मकानों तक फैलने से भी रोक दिया गया। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। बबलू केसरी ने बताया कि दुकान की शुरुआत पिछले साल जुलाई में हुई थी। यहां होलसेल और खुदरा दोनों तरह का कारोबार होता था। दुकान में डिटर्जेंट पाउडर, तेल, साबुन, बिस्कुट, शैंपू, चॉकलेट, आइसक्रीम, मेहंदी समेत जनरल स्टोर से जुड़े कई उत्पाद रखे थे। दुकान के पीछे बने गोदाम में भी आग लग गई। इससे बड़ी मात्रा में सामान बर्बाद हो गया। बबलू केसरी मूल रूप से रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के बेलथरी गांव के निवासी हैं।

अग्निशमन विभाग ने लोगों से बिजली के उपकरणों और वायरिंग की नियमित जांच कराने की अपील की है। विभाग ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत सामग्री का इस्तेमाल करने और प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र लगाने की सलाह दी है। आग लगने की स्थिति में तत्काल 101 या 112 पर सूचना देने को कहा गया है। इसके अलावा विभाग के मोबाइल नंबर 7485805930 और 7485805931 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

कांव नदी में मिला पुराना शव

महिला या पुरुष, पहचान पर संशय

बक्सर (आससे)। नया भोजपुर थाना क्षेत्र के नावाडेरा पोखरा से करीब दो किलोमीटर अंदर कांव नदी में ब्रह्म बाबा मंदिर के समीप एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव करीब दस दिन पुराना बताया जा रहा है। लंबे समय तक पड़े रहने के कारण चेहरा बुरी तरह



सड़ चुका है। हाथ-पैर भी सड़ने लगे हैं। इससे शव की पहचान करना मुश्किल हो गया है। सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ भास्कर रंजन, नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार और डीआईयू की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। शव महिला का है या पुरुष का, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उसकी शारीरिक स्थिति और कपड़ों के आधार पर भी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रांसजेंडर होने की आशंका भी जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शव के बाएं हाथ में हैंड ग्लव्स मिलने की बात भी सामने आई है। घटनास्थल सुनसान इलाके में है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना–राँची रोड वाईपास, थाना–दीपनगर, बिहारशरीफ–803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026–27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई–प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना



नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता–अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम–करैला, थाना–धनसोई, जिला–बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि–29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता–पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न०–9939679408, 9709661625 एवं ई०मेल–adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयाविधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधानित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)
आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०–84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या–**H00030423**, चेसिस संख्या–**1487643 F 2012**, निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

समाहर्त्ता,
मधुबनी

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

चक्रवाती बारिश और तेज हवा की कहर से बिजली गुल

बक्सर (आससे)। जिले के राजपुर प्रखंड क्षेत्र में चक्रवाती बारिश और तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। गुरुवार दोपहर से शुरू हुई रुक-रुककर बारिश और शुक्रवार रात चली तेज हवाओं से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां बिजली के तारों पर गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को लंबे समय तक अंधेरे में रहना पड़ा। हालांकि, बिजली विभाग के कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

खराब मौसम का सबसे बड़ा मार अन्नदाताओं पर पड़ा है। इस समय खेतों में धान की बालियां निकल चुकी हैं, लेकिन तेज हवाओं के दबाव से सोनाचूर समेत लंबी प्रजाति की धान की फसलें पूरी तरह खेतों में बिछ गई हैं।

भागलपुर और तिरहुत के सिर सजा खो-खो का ताज

अंडर–14 और 19 में भागलपुर तो अंडर–17 में तिरहुत ने मारी बाजी

बक्सर (आससे)। शहर के एमपी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में तीन दिनों से चल रही राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय खो-खो (बालक) प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। भागलपुर प्रमंडल ने दो आयु वर्गों में खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर-17 वर्ग में तिरहुत प्रमंडल की टीम विजेता बनी। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों के मुकाबले हुए। समापन समारोह



में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी कैमूर सह राज्य खो-खो संयोजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा और जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में भागलपुर प्रमंडल की टीम विजेता बनी। बीएसएसए की टीम उपविजेता रही। अंडर-17 वर्ग में तिरहुत प्रमंडल ने खिताब जीता, जबकि सारण प्रमंडल को उपविजेता से संतोष करना पड़ा।

वहीं, अंडर-19 वर्ग में भी भागलपुर प्रमंडल ने बाजी मारी। इस वर्ग में पटना प्रमंडल की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सफाईकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, मेडिकल स्टाफ, तकनीकी पदाधिकारियों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और खेल कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं के कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल और मोमेंटो देकर उनके योगदान की सराहना की गई। तीन दिनों तक चले इस आयोजन से विभिन्न प्रमंडलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। जिला प्रशासन ने प्रतियोगिता के सफल संचालन और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल-छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19 वर्ष 2026–2027

(1) विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग,छपरा।
(2) परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय : 18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे तक।
(5) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना,भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत् भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6) निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुसार
(7) कार्य की विवरणी :

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सफाईकर्मियों ने किया नगर परिषद कार्यालय का घेराव

3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

बक्सर(आससे)। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत शुक्रवार को बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ




एवं बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सफाईकर्मियों ने नगर परिषद डुमरांव कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई गई। आंदोलनकारियों ने कहा कि जुलाई-अगस्त माह में हुई आठ दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान सरकार के साथ हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया है। इसी के विरोध में आगामी 3 नवंबर से पूरे बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को राज्य के सभी नगर निकाय कार्यालयों का घेराव किया गया।

घेराव कार्यक्रम से पूर्व हाल ही में दिवंगत सफाईकर्मी स्व. कुटकुट डोम को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर महासंघ के डुमरांव नगर सचिव शिवशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रीभगवान पासवान, युवा माले नेता सर्वेश कुमार पांडेय तथा फेडरेशन के नेता ओमप्रकाश यादव ने कहा कि सरकार सफाईकर्मियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। नगर परिषद स्तर पर भी अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नेताओं ने ईपीएफ और ईएसआई कार्ड के नाम पर बड़े घोटाले का आरोप भी लगाया।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 2 नवंबर तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 3 नवंबर से पूरे बिहार में सफाई कार्य अनिश्चितकाल के लिए ठप कर दिया जाएगा। मौके पर दीपक बास्फोर, मिथिलेश राम, किस्मत यादव, पिंटू बास्फोर, मुन्नी देवी सहित सैकड़ों सफाईकर्मी मौजूद रहे।

गलत स्पर्श पर चुप न रहें बच्चे खुलकर करें विरोध : हर्षवर्धन सिंह

बक्सर (आससे)। बच्चों को यौन शोषण से बचाने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को शहर के बाइपास रोड स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम सुरक्षित बचपन अभियान के तहत हुआ। शिविर में प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद हर्षवर्धन सिंह ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट-2012 की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित रहने और किसी भी गलत व्यवहार का विरोध करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझना बेहद जरूरी है। प्यार से गले लगाना, सिर पर हाथ फेरना और डॉक्टर का इलाज के दौरान जरूरी जांच करना अच्छा स्पर्श हो सकता है। वहीं, किसी का निजी अंगों को गलत तरीके से छूने की कोशिश करना, जबरदस्ती गले लगाना या किस करना गलत स्पर्श की



श्रेणी में आ सकता है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि उनका शरीर उनका अपना है। किसी को भी उनकी इच्छा के विरुद्ध गलत तरीके से छूने का अधिकार नहीं है। अगर कोई उन्हें असहज महसूस कराए या गलत व्यवहार करे, तो डरकर चुप नहीं रहना चाहिए। शिविर में बच्चों को सुरक्षा के जरूरी नियम भी बताए गए। उन्हें समझाया गया कि गलत स्पर्श होने पर जोर से विरोध करें और वहां से हट जाएं। इसके बाद माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को तुरंत इसकी जानकारी दें। बच्चों को यह भी बताया गया कि ऐसी घटना में उनकी कोई गलती नहीं होती। किसी भी परेशानी या आपात स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 से मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के सचिव सरोज सिंह ने प्रधान दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह को अंगवस्त्र, मोमेंटो और विद्यालय का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी ब्रजेश कुमार तथा प्राधिकार के सुधीर कुमार, अशोक कुमार सिंह और कार्यालय परिचारी सुनील कुमार मौजूद रहे। विद्यालय के उप-प्राचार्य विनय कुमार तिवारी के साथ शिक्षक वरुण कुमार, सुनील कुमार, मो. चांद और मो. अतीक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रासि पांडेय, राजलक्ष्मी, शीतल कुमारी, श्वेतांक पांडेय और अभिषेक सिंह ने सक्रिय भागीदारी की।

अन्नदाता से जालसाजी पड़ी भारी, मुजफ्फरपुर के कारोबारी को तीन साल का कठोर कारावास

बक्सर (आससे)। किसान से धान खरीदकर 12 लाख 45 हजार रुपये का भुगतान हड़पने के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को मुजफ्फरपुर के कारोबारी अजीत कुमार को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर अभियुक्त को तीन महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। स्थानीय न्यायालय में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, कोर्ट



नंबर 11 ने यह फैसला सुनाया। यह मामला मुरार थाना कांड संख्या 39/23 से जुड़ा है। अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत दोषी पाया। अभियोजन पदाधिकारी प्रियांशु मिश्रा ने बताया कि चौगाई निवासी पीड़ित किसान अजातशत्रु सिंह ने अजीत कुमार के खिलाफ धान खरीद के नाम पर धोखाधड़ी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/वर्ष 2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:– दिनांक–04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक–06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
5. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
6. कार्य की विवरणी:–

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बैलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026					
1	Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0" x 50'-0" with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को **https://eproc2.bihar.gov.in** पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।